**प्रेस नोट**

**दिनांक 14.06.2025**

# पुलिस लाइन हमीरपुर में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के संबंध में चयनित आरक्षियों को दी गई ब्रीफिंग।

आज दिनांक 14 जून 2025 को पुलिस लाइन जनपद हमीरपुर में उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी सीधी भर्ती 60244 के अंतर्गत जनपद हमीरपुर से चयनित 346 अभ्यर्थियों को दिनांक 15 जून 2025 को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में भारत सरकार के माननीय गृहमंत्री श्री अमित शाह एवं उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदत्त नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के संबंध में पुलिस अधीक्षक हमीरपुर डॉ. दीक्षा शर्मा द्वारा विस्तृत रूप से ब्रीफिंग दी गई।

ब्रीफिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा चयनित समस्त अभ्यर्थियों को उनके उत्तरदायित्वों के प्रति सजग करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए तथा यह भी निर्देशित किया गया कि नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में सभी चयनित अभ्यर्थी निर्धारित समय पर पूर्ण अनुशासन एवं ड्रेस में प्रतिभाग करें। ब्रीफिंग में यह भी सुनिश्चित किया गया कि अभ्यर्थियों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से लखनऊ लाने व वापस लाने हेतु नियुक्त की गई पुलिस टोलियों को उनके उत्तरदायित्वों से अवगत कराते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो। साथ ही चयनित अभ्यर्थियों को उत्तर प्रदेश पुलिस में सेवा प्रदान करने हेतु प्रेरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं तथा उन्हें सेवा के दौरान अनुशासन, ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा को अपने कार्य का आधार बनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर, क्षेत्राधिकारी सदर, प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन, सभी नियुक्त टोलियों के प्रभारीगण व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान चयनित अभ्यर्थियों के उत्साह एवं प्रसन्नता का भाव स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ, वहीं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा उन्हें भावी सेवा हेतु मानसिक रूप से तैयार किए जाने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई। समस्त तैयारियों की निगरानी एवं व्यवस्थाओं की रूपरेखा ब्रीफिंग के दौरान स्पष्ट की गई, ताकि आगामी कार्यक्रम निर्बाध रूप से सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। चयनित अभ्यर्थियों ने भी इस अवसर पर उत्तर प्रदेश पुलिस में सेवा का अवसर प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भविष्य में अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया।